कार्यालय–जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई के प्रांगण में फोटोकापी मशीन की दुकान व साइकिल स्टैण्ड के लिये वित्तीय वर्ष 2024–2025 (दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025) तक की अवधि के लिये ठेके की नीलामी दिनांक 22.03.2024 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक न्याय भवन के सभागार में होगी। धरोहर की धनराशि 5000.00 रू0 प्रत्येक ठेके के लिये बोलीकर्ता द्वारा बोली बोलने के पूर्व अमीन, सिविल कोर्ट उरई के पास उसी दिन जमा करनी होगी। प्रत्येक ठेके के लिये बोली बोलने वाले व्यक्ति की धरोहर राशि 5000.00 रू0 जमा होगी, केवल अधिकतम बोलीकर्ता की धनराशि जमा रहेगी शेष की, जो नीलामी की कार्यवाही समाप्त होने के बाद वापस होगी।

नीलामी समाप्त होने पर अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को आधी रकम तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष रकम दिनांक 01.07.2024 को जमा करनी होगी।

(क) बोली बोलने वाले व्यक्ति बकायादार एवं काली सूची के अन्तर्गत न आता हो।

(ख) बोली स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जिला जज, जालौन स्थान उरई के पास सुरक्षित होगा।

(ग) बोली बोलने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत न हुआ हो और न ही लम्बित हो। इस तथ्य का शपथ पत्र प्रत्येक बोलीकर्ता को बोली बोलने से पूर्व प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त नीलामी की सूचना माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की बेबसाइट "https://www.allahabadhighcourt.in" व जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई की बेबसाइट "https://jalaun.dcourts.gov.in" पर भी उपलब्ध है।

दिनांकः 12.03.2024

12/3/24

(प्रमोद कुमार गुप्ता)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश (द0प्र0क्षे0),
जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई।

प्रतिलिपि सेवा में:–

1. कार्यालय जिलाधिकारी, जालौन स्थान उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
2. अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
3. अधिशाषी अभियन्ता, सा0नि0वि0, उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
4. अमीन सिविल कोर्ट को तुरन्त मुनादी एवं विस्तृत प्रचार प्रसार कराने हेतु।
5. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जजशिप उरई को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
6. दैनिक कर्मयुग प्रकाश, उरई को प्रकाशन हेतु।
7. दैनिक अग्नि चरण, उरई को प्रकाशन हेतु।
8. जनपद न्यायालय हमीरपुर।
9. जनपद न्यायालय कानपुर देहात।
10. जनपद न्यायालय कानपुर शहर।
11. जनपद न्यायालय झांसी।
12. जनपद न्यायालय औरेय्या।
13. बाह्य स्थित न्यायालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
14. जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई को निःशुलक प्रचार प्रसार करवाने हेतु।

दिनांकः 12.03.2024

(प्रमोद कुमार गुप्ता)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश (द0प्र0क्षे0),
जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई।